दैनिक भास्कर जोधपुर 27-06-2024

कार्यालय प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओसियां

तिंवरी रोड, सिमरथ नगर, ओसियां, जोधपुर पिन-342303

क्रमांक :- रामओ/स्था/2024-25/4480 दिनांक : 25.06.2024

नोडल महाविद्यालय- राजकीय महाविद्यालय लोहावट, राजकीय कन्या महाविद्यालय लोहावट, राजकीय कृषि महाविद्यालय,ओसियां

प्रेस विज्ञप्ति

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के आदेश क्रमांक एफ 1 (02) विद्या संबल / आकाशि/ गै. फै. / दिशानिर्देश / 21-00638 / राजकाज रेफरेन्स 8029676 दिनांक 21.06.2024 एवं वित्त विभाग के परिपत्र क्रमांक- प.6 (2) वित्त / साविलेनि/ 2021 दिनांक 30.03.2021 एवं 07.08.2023 के अनुपालना में राज्य सरकार द्वारा घोषित 'विद्या संबल योजना' के अंतर्गत अधिकतम 24 सप्ताह अथवा 28 फरवरी 2025 जो भी पहले हो लेकिन नियमित नियुक्ति होने अथवा कार्यव्यवस्थार्थ शिक्षक लगने पर गेस्ट फैकल्टी की व्यवस्था स्वतः समाप्त मानी जायेगी। (अधिकतम 14 साप्ताहिक घण्टे अनुसार) 800/- रूपये प्रति कालांश पर मानदेय के आधार पर गेस्ट फैकल्टी (पूर्णतः अस्थाई) के रूप में निम्नलिखित राजसेस के अधीन महाविद्यालय एवं विषयों में अध्यापन कराने हेतु वर्तमान में सहायक आचार्य के पद पर निर्धारित शिक्षण योग्यताधारी इच्छुक निजी अभ्यर्थी जिनकी न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष है वे आवेदन के पात्र हैं। ऐसे अभ्यर्थियों से दिनांक 02.07.2024 सायंकाल 03 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पात्र अभ्यर्थी मूल आवेदन स्वयं सत्यापित दस्तावेजों के साथ (प्रत्येक महाविद्यालय के लिए अलग-अलग आवेदन पत्र) व्यक्तिशः या डाक द्वारा केवल नोडल राजकीय महाविद्यालय, ओसियां में ही प्रेषित/ जमा कर सकते हैं। उपरोक्त निर्धारित तिथि व स्थान के अतिरिक्त कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिये राजकीय महाविद्यालय, ओसियां की वेबसाइट https://hte.rajasthan.gov.in/college/gcosian (आवेदन पत्र का प्रारूप, न्यूनतम योग्यता, शर्तें, दिशा निर्देश, शपथ पत्र आदि) को देखें।

राजसेस के अधीन महाविद्यालय/विषय	विषय
राजकीय महाविद्यालय, लोहावट	अंग्रेजी साहित्य, संस्कृत, इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल, समाज शास्त्र
राजकीय कन्या महाविद्यालय, लोहावट	हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, संस्कृत, इतिहास, राजनीति विज्ञान, भूगोल, अर्थशास्त्र
राजकीय कृषि महाविद्यालय, ओसियां	Agronomy, Genetics & Plant Breeding, Horticulture, Plant Pathology, Entomology, Agri. Ext. & Comm., Agri. Econ., Soil Sci. & Agri. Chem., Agri. Engg.
राजकीय महाविद्यालय, ओसियां	रसायन शास्त्र

नोट :- 1. यह योजना अध्यापन कार्य हेतू विषय विशेषज्ञ अनुभवी व्यक्तियों से स्वीकृत पदों में रिक्त पदों पर आवश्यकतानुसार आमंत्रित शिक्षक के रूप में कार्य लेने की Enabling Scheme है। सत्र 2024-25 में नई शिक्षा निति पाठ्यक्रमानुसार प्रथम सेमेस्टर, तृतीय सेमेस्टर एवं वार्षिक पद्धति के तृतीय वर्ष में अध्ययन हेतु राजकीय महाविद्यालय लोहावट तथा राजकीय कन्या महाविद्यालय लोहावट में, राजकीय कृषि महाविद्यालय में प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर हेतू एवं राजकीय महाविद्यालय ओसियों में नई शिक्षा पद्धति में एम.एस.सी. प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर हेतु आमन्त्रण की संभावना है।

2. कक्षा विशेष / विषय विशेष में Enrolment की संख्या को ध्यान में रखते हुए प्राप्त आवेदनों के निर्धारित मापदण्डानुसार बनाए गए पैनल में फैकल्टी आमन्त्रित किये जाएंगे। आवेदन करने अथवा पैनल में नाम आने मात्र से अभ्यर्थी अध्यापन हेतू बुलाए जाने के लिए अधिकारी नहीं होंगे।

3. शपथ पत्र निर्धारित प्रारूप संलग्न - 05 किया जाएगा।

4. इस विज्ञप्ति के प्रकाशन में यथासम्भव सावधानी रखी गई है। यदि संयोगवश त्रुटी रह जाती है तो आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर के उपरोक्त आदेश ही मान्य होंगे।

प्राचार्य

राजकीय महाविद्यालय ओसियां